## न्यूज डायरी






### चीन के कब्जे का खुलासा करने वाले पत्रकार की रहस्यमय परिस्थिति में मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल की जमीन पर चीन के कब्जे का खुलासा करने वाले वरिष्ठ नेपाली पत्रकार बलराम बनिया की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई है। बलराम बनिया नेपाली अखबार कांतिपुर डेली में सहायक संपादक थे। वह गत 10 अगस्त को रहस्यमय तरीके से लापता हो गए थे और बाद में 12 अगस्त को उनका शव नदी के किनारे मिला था। उन्होंने जून महीने में नेपाल के रुई गांव में चीन के कब्जे की खबर दी थी। बलराम बनिया की मौत के बाद नेपाल प्रेस यूनियन ने सरकार ने इस हत्याकांड की गहराई से जांच की मांग की है। यूनियन के महासचिव अजय बाबू शिवकोटि ने कहा कि इस घटना की व्ध्यापक जांच होनी चाहिए ताकि सच जनता के सामने आए। यह अभी तक पता नहीं चल पाया है कि यह दुर्घटना है, आत्महत्या या मर्डर है। बनिया के चेहरे पर चोट के काफी ज्यादा निशान थे। बनिया ने खुलासा किया था कि भारत के साथ कालापानी सीमा विवाद का मुद्दा उठाने वाले नेपाल के रुई गांव पर पिछले तीन साल से चीन ने कब्जा कर रखा है। करीब 60 साल तक नेपाल सरकार के अधीन रहने वाले रुई गांव के गोरखा अब चीन के दमनकारी शासन के अधीन हो गए हैं।

### ट्रंप से पूछा ऐसा सवाल, हक्के–बक्के राष्ट्रपति बोले– अगला सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। मीडिया को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की नाराजगी जग–जाहिर है लेकिन गुरुवार को वाइट हाउस के प्रेस रूम में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखर वह खुद भी चौंक गए। भारतीय–मूल के अमेरिकी पत्रकार ने ट्रंप से सीधे–सीधे इतना तीखा सवाल कर डाला कि वह बगलें देखने लगे और फिर दूसरे पत्रकार से सवाल करने को कह डाला।
दरअसल, पुणे में जन्मे शिरीष दाते ने ट्रंप से पूछा था कि क्या उन्हें अपने झूठ बोलने का अफसोस होता है। वाइट हाउस में ट्रंप गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। इस दौरान हफिंगटन पोस्ट के लिए वाइट हाउस संवाददाता दाते ने ट्रंप से सवाल किया– मिस्टर प्रेजिडेंट, साढ़े तीन साल बाद क्या आपको जरा भी अफसोस होता है सारे झूठ के लिए जो आपने अमेरिका के लोगों से बोला है? इस पर ट्रंप हक्के–बक्के रह गए और सवाल न सुन पाने के अंदाज में पूछा– श्क्या सब? इस पर दाते ने दोहराया, सारा झूठ, सारा धोखा? इस पर ट्रंप ने फिर पूछा– किसने किया? तो दाते ने सीधे जवाब दिया– आपने किया। इतना सुनने के बाद ट्रंप थोड़ा से अटके और फिर दूसरे पत्रकार से सवाल करने को कहा। दाते ने बाद में ट्वीट किया कि वह 5 साल से ट्रंप से यह सवाल करना चाहते थे।

# 5 हों या फिर 500 राफेल जेट, हम हैं तैयार

**गीदड़भभकी**

पाक सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर ने कहा कि हम भारतीय कार्रवाई का जवाब देने को तैयार






**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्ध्तान के स्वतंत्रता दिवस पर गुरुवार पाकिस्तानी सेना ने गीदड़भभकी दी कि भारत चाहे 5 राफेल खरीदे या 500 हम पूरी तरह से तैयार हैं। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिखार ने कहा कि भारत ने फ्रांस से राफेल फाइटर जेट खरीदे हैं लेकिन हम भारतीय सेना के किसी भी आक्रामक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जनरल बाबर ने यह भी दावा किया कि भारत के एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्ध्टम से भी निपटने के लिए पाकिस्ध्तानी सेना तैयार है।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि भारत का सेना पर खर्च दुनिया में सबसे ज्यादा है और वह हथियारों की होड़ में शामिल है। उन्होंने कहा, जिस तरह से फ्रांस से भारत तक की राफेल की यात्रा को कवर किया गया, वह उनके असुरक्षा के स्तर को दर्शाता है। फिर भी चाहे वे 5 राफेल खरीदें या 500 हम तैयार हैं। हम पूरी तरह से तैयार हैं और हमें अपनी क्षमता पर कोई संदेह नहीं है। हमने यह साबित किया है और यह राफेल जेट कोई खास फर्क नहीं पैदा करने जा रहा है।

**राफेल फाइटर लाएं या एस-400, हम तैयार हैं:** जनरल बाबर ने कहा, लेकिन हां, हमारी तुलना में भारत का रक्षा बजट और उनका बजट क्षेत्र में परंपरागत संतुलन को प्रभावित कर रहा है। और जब यह होगा तो चीजें अन्य हिस्सों में चली जाएंगी और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा बजट पर देश में हो रही आलोचनाओं पर जनरल बाबर ने सफाई दी। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना का रक्षा बजट लगातार कम हो रहा है।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने कहा, चाहे (भारतीय) राफेल लाएं या एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम, उन्हें लाने दीजिए। हमारी अपनी तैयारी है और हर चीज के लिए हमारे पास जवाब है। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीर में भारत पूरी साजिश के तहत जनसंख्या को बदलना चाहता है। कश्मीर में आम नागरिकों पर गोले बरसानी वाली पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने भारत पर सीजफायर उल्लंघन का आरोप लगाया। बता दें कि राफेल विमान विमान आने के बाद पहली बार पाकिस्तानी सेना ने अपनी प्रतिक्रिया जताई है।

**एक राफेल जेट को रोकने कि लिए दो एफ-16 की जरूरत**

बता दें कि पाकिस्तानी सेना की यह बेचौनी बेहद वाजिब है। राफेल के आने से अब पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक करने वाली भारतीय वायुसेना की ताकत और बढ़ गई है। इराक और लीबिया में अपने युद्ध कौशल का शानदार प्रदर्शन करने वाले राफेल लड़ाकू विमानों की सीधी टक्कर पाकिस्ध्तान के अमेरिका निर्मित एफ–16 फाइटर जेट से होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, राफेल जंग में गेमचेंजर साबित होगा और इसके आने पर पाकिस्ध्तानी एयरफोर्स पर दबाव काफी बढ़ जाएगा।

## अलगाववादी नेता गिलानी को 'निशान ए पाकिस्तान' से नवाजा गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अपने स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व हुर्रियत के पुराने नेता सैयद अली शाह गिलानी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। गिलानी को शुक्रवार 14 अगस्त को निशान–ए–पाकिस्तान से सम्मानित किया गया। अलगाववादी नेता गिलानी कश्मीर में अपने भारत विरोधी बयानों के लिए ही मशहूर है जिसके लिए पाकिस्तान उसे सम्मानित कर रहा है। पाकिस्तान ने हाल ही में अपना नया नक्शा जारी कर कश्मीर के विवादित क्षेत्रों पर अपना दावा ठोंका है।

गिली को निशान–ए–पाकिस्तान

**अपने स्वतंत्रता दिवस पर दिया सर्वोच्च नागरिक सम्मान**

पाक के स्वतंत्रता दिवस पर इस्लामाबाद में हुए कार्यक्रम में दिया गया। पूर्व हुर्रियत नेता को यह सम्मान राष्ट्रपति आरिफ रिजवी ने दिया। हालांकि, खुद गिलानी कार्यक्रम से नदारद रहा और स्थानीय हुर्रियत नेताओं ने उनकी जगह सम्मान लिया। इसे लेकर जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने ऐलान किया था तो उन्होंने कहा था ऐसा करके गिलानी को सम्मानित किया जा रहा है।

गिलानी को निशान–ए–पाकिस्तान से सम्मानित करने का प्रस्ताव पाकिस्तानी सीनेटर मुश्ताक



अहमद ने दिया था, जिसे वहां के सदन ने ध्वनिमत से पास किया था। गिलानी ने कुछ वक्त पहले ही हुर्रियत से इस्तीफा दे दिया था। वह कश्मीर में आतंकवाद और हिंसा के हालात के लिए आरोपी लोगों में शामिल है।

गिलानी के ऊपर साल 2016 में हुई कश्मीर हिंसा के बाद टेरर फंडिंग के चार्ज भी लगे थे। इसके अलावा गिलानी को एक लंबे वक्त से कश्मीर के उसके घर में नजरबंद भी रखा गया है।

## नेपाल में भूस्खलन से तबाही, 5 की मौत, 38 लापता



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के सिंधुपालकचौक जिले में शुक्रवार को हुए भूस्खलन से भारी नुकसान हुआ है। इसकी चपेट में आने से बड़ी संख्या में घर तबाह हो गए। घटना में 38 लोग लापता हो गए हैं जिनकी तलाश की जा रही है। वहीं, अब तक 5 लोगों के शव बरामद किए जा सके हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है जहां उनका इलाज जारी है। नेपाल के उत्तर–मध्य में स्थित सिंधुपालचौक जिले में शुक्रवार को यह त्रासदी घटी। यहां के ग्रामीण नगर निकाय जुगाल में लिडीमो लामा टोले में भूस्खलन हो गया। इसकी चपेट में एक दर्ज ने ज्यादा घर आए गए। भूस्खलन से इलाके में भारी नुकसान हुआ है। सिंधुपालकचौक में काफी हफ्तों से भारी बारिश की वजह से हालात खराब हैं और अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है।



Happy Independence Day

NARULA KID'S CORNER

'N' Exclusive Showroom of Kids Toys, Imported Prams Motorized Scooter, Car & other Baby Products

Jyoti Narula
0135-2652817
9837156041



2, Shivam Market, Gandhi Road, Dehradun
Email:jyotinarula06@gmail.com

## ईरान–चीन डील का जवाब है इजरायल–यूएई दोस्ती, भारत के लिए खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दिल्ली। दुनिया के दो दुश्मन देश इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात करीब 72 साल बाद दोस्त बन गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के बाद इजरायल और यूएई ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किया है। ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अबूधाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद अल नहयान के बीच हुए इस समझौते को श्एक वास्तविक ऐतिहासिक मौका करार दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह डील न केवल ईरान और चीन की दोस्ती का जवाब है, बल्कि भारत के लिए भी बड़ी खुशखबरी है।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ कमर आगा कहते हैं कि इजरायल और यूएई ने ईरान के बढ़ते खतरे को देखते हुए साथ आने का फैसला किया है। ईरान और चीन के बीच बड़ी डील हुई है। चीन और ईरान के इस गठजोड़ का जवाब देने के लिए यूएई ने इजरायल से हाथध मिलाया है। इजरायल की अब यूएई और सऊदी अरब को काफी जरूरत पड़ रही है। यूएई और सऊदी अरब की पाकिस्तान से दूरी बढ़ रही है। इसी वजह से यूएई को फलस्तीन का साथ छोड़कर इजरायल का दामन थामना पड़ा है।

With Best Compliments on
Independence Day
from The Management, Principal, Staff & Students of



Doon International School

PARI MAHAL 32-Curzon Road,
Dehradun-248001 (U.K)
Phones: 0135-2656088, 2658491
Fax: 0135-2655392
mail: dnints@vsnl.com
Website : www.dooninternational.com

DOON INTERNATIONAL SCHOOL
FACTA NON VERBA
DEHRADUN